सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 13 दिसम्बर, 2022

सप्तदश विधान सभा | मंगलवार, तिथि 13 दिसंबर, 2022 ई0
सप्तम सत्र | 22 अग्रहायण, 1944 (शक)

(कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय - 11.00 बजे पूर्वाह्न)
(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, अब राष्ट्रगान होगा । कृपया अपने-अपने स्थान पर खड़े हो जायं ।

(राष्ट्रगान)

(व्यवधान)

माननीय सदस्यगण, प्रथम दिन है शांति बनाकर सदन की कार्यवाही में आपलोग पूरा-पूरा सकारात्मक सहयोग करें ।

प्रारम्भिक संबोधन

माननीय सदस्यगण, सप्तदश बिहार विधान सभा के सप्तम सत्र के शुभारंभ पर मैं आप सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करता हूं ।

वर्तमान सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें निर्धारित हैं, जिसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण के उपस्थापन के लिए एक दिन, राजकीय विधेयक के लिए दो दिन एवं गैर सरकारी संकल्प के लिए एक दिन निर्धारित है । माननीय सदस्यगण, इस आसन पर बैठकर मैं कोई नई बात नहीं कहने जा रहा हूं । आप सबों ने मिलकर मुझे इस आसन पर बैठाया है । मेरा प्रयास रहेगा कि सदन अपने मकसद में कामयाब हो । यह स्थान विचार-विमर्श का है, जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का है और सरकार का दायित्व है कि पूरी जवाबदेही के साथ उन समस्याओं का निराकण करने का प्रयास करे और सदन को आश्वस्त करे, यही संसदीय व्यवस्था की खूबसूरती है । राजनैतिक कार्यकाल में सहभागिता लोकतंत्र का मूल तत्व है । यह एक ऐसी उत्तम व्यवस्था है जिसमें सभी व्यक्तियों को समान अधिकार होता है । एक अच्छा लोकतंत्र वह है जिसमें राजनीतिक और आर्थिक न्याय की व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक न्याय की भी व्यवस्था सुनिश्चित होती है । यह व्यवस्था लोगों में सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान करती है । जनता सर्वोपरि है और जन सरोकार से संबंधित समस्याओं का सभी सदस्यों द्वारा सदन में उठाया जाना एक सतत प्रक्रिया है ।

हम सब जनप्रतिनिधयों का एक पक्ष यह है कि हम आमजन की समस्याओं को सदन के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का काम करते हैं । वहीं दूसरा पक्ष यह भी है कि हम जनता के हितों के लिए, राज्य के हितों के लिए कानून बनाकर नीति का निर्धारण भी करते हैं । हमें अपने दोनों कर्त्तव्यों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील रहने की आवश्यकता है । आप एक बार में अपने क्षेत्र के, जिले के या इस पूरे राज्य के सभी मसलों का हल नहीं निकाल सकते हैं, यह सतत प्रक्रिया है । हमारा उद्देश्य यही होना चाहिए कि हम पूरी सिद्दत से राज्य की समस्याओं को उजागर करें और सदन में सार्थक विमर्श करें । राज्य की बेहतरी के लिए नीतियों का निर्धारण करें । यह सदन अपने अन्दर कई महत्वपूर्ण यादों को संजोये रखा है, इसकी पुरानी कार्यवाहियां वर्तमान और भविष्य के लिए नजीर हैं । हम आज जो यहां अपने को अभिव्यक्त करेंगे, कल वही इतिहास बनेगा । इसलिए आपसे विनम्र अनुरोध है कि सदन के समय का राज्य की आम जनता के हित में उपयोग करें । मुझे पूर्ण विश्वास है कि सदन के संचालन में आप सबों का पूर्ण सहयोग मुझे प्राप्त होगा ।

## अध्यासी सदस्यों का मनोनयन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 12(1) के अधीन मैं निम्न सदस्यों को सप्तदश बिहार विधान सभा के सप्तम सत्र के लिए अध्यासी सदस्य मनोनीत करता हूं :-

1. श्री प्रेम कुमार, स0वि0स0
2. श्री नरेन्द्र नारायण यादव, स0वि0स0
3. श्री विजय शंकर दूबे, स0वि0स0
4. श्री भूदेव चौधरी, स0वि0स0
5. श्रीमती ज्योति देवी, स0वि0स0

## कार्य-मंत्रणा समिति का गठन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 219(1) के अधीन मैं निम्न सदस्यों को सप्तदश बिहार विधान सभा के सप्तम सत्र के लिए कार्य-मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार करता हूं :

1. अध्यक्ष, बिहार विधान सभा – सभापति
2. श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री – सदस्य

3\. श्री महेश्वर हजारी, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा - सदस्य
4\. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री - सदस्य
5\. श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य - सदस्य
6\. श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा - सदस्य
7\. श्री विजय कुमार सिन्हा, नेता, विरोधी दल - सदस्य
8\. श्री अजीत शर्मा, स0वि0स0 - सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

1. श्री आलोक कुमार मेहता, मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार, स0वि0स0
2. श्री जीतन राम मांझी, स0वि0स0
3. श्री तारकिशोर प्रसाद, स0वि0स0
4. श्री महबूब आलम, स0वि0स0
5. श्री अजय कुमार, स0वि0स0
6. श्री सूर्यकांत पासवान, स0वि0स0

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

औपचारिक कार्य

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, वाणिज्य एवं कर विभाग ।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं भारत के संविधान के अनुच्छेद-213 के खंड-2(क) के अनुसार बिहार विधान सभा के समक्ष महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2022 की एक प्रति सभा मेज पर रखता हूं ।

अध्यक्ष : सभा सचिव ।

सभा सचिव : अध्यक्ष महोदय, सप्तदश बिहार विधान सभा के षष्ठम सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित विधेयक का विवरण सदन पटल पर रखता हूं जिस पर महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत अनुमति प्रदान की गई है :

महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2022 | 08.07.2022 |

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग ।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, भारतीय संविधान के अनुच्छेद-205 के अनुसरण में बिहार विनियोग (संख्या-2) अधिनियम, 2022 एवं बिहार विनियोग (संख्या-3) अधिनियम, 2022 द्वारा स्वीकृत राशि के अलावे वर्ष 2022-23 में जो खर्च होने की संभावना है उसके संबंध में मैं द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण उपस्थापित करता हूं ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है जिनके बारे में शोक प्रकट करना हमारा कर्तव्य है...

श्रीमती रेणु देवी : अध्यक्ष महोदय, जो नये सदस्य आये हैं उनका शपथ ग्रहण नहीं होगा ?

अध्यक्ष : बात यह है कि महामहिम राज्यपाल महोदय के यहां से ऑथराईजेशन प्राप्त नहीं हुआ है इसलिए शपथग्रहण को आज की कार्यवाही में नहीं रखा गया है ।

श्री विजय कुमार सिन्हा, नेता, विरोधी दल : अध्यक्ष महोदय, हम तो गवर्नर हाउस भी बात किये तो कहे कि कल दोपहर तक नहीं पहुंची थी ।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, हम लोगों ने सरकार की तरफ से महामहिम के यहां कल दोपहर बाद भिजवा दिया था और उम्मीद कर रहे थे कि कल शाम तक ऑथराईजेशन आ जायेगा लेकिन महामहिम थोड़े अस्वस्थ थे और उन्होंने सूचना दी है कि हम आज करके भेजेंगे । सरकार भी चाहती है कि जल्द से जल्द नवनिर्वाचित सदस्य का शपथ ग्रहण करवा दिया जाय ।

टर्न-2/मुकुल/13.12.2022

## शोक प्रकाश

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है, जिनके बारे में शोक प्रकट करना हमारा कर्तव्य है ।

### स्वर्गीय सुभाष सिंह

बिहार विधान सभा के सदस्य श्री सुभाष सिंह का निधन दिनांक 16 अगस्त, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 59 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह गोपालगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2005 नवंबर, वर्ष 2010, 2015 एवं 2020 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे इस

वर्तमान सप्तदश बिहार विधान सभा के सदस्य थे और बिहार सरकार में मंत्री भी थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय धनिक लाल मंडल

बिहार विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री धनिक लाल मंडल का निधन दिनांक 13 नवंबर, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 90 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय मंडल मधुबनी जिला के फूलपरास विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1967 एवं 1969 में तथा लोकहा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1972 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे झंझारपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1977 एवं 1980 में लोकसभा के सदस्य भी निर्वाचित हुए थे । वे चतुर्थ बिहार विधान सभा के अध्यक्ष एवं हरियाणा के राज्यपाल पद पर भी रहे थे । वे समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति थे । उनका स्वभाव मिलनसार एवं मृदुभाषी था । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री नरेन्द्र सिंह का निधन दिनांक 04 जुलाई, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 71 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह जमुई जिला के चकाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1985, 1990 एवं 2000 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे वर्ष 2006 से 2016 तक बिहार विधान परिषद् के भी सदस्य रहे । वे बिहार सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री भी रहे थे । वे समाजवादी विचारधारा के राजनेता थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय रमई राम

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री रमई राम का निधन दिनांक 14 जुलाई, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 80 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय राम मुजफ्फरपुर जिला के बोचहां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1972, 1980, 1985, 1990, 1995, 2000, मार्च, 2005 एवं नवंबर, 2005 तथा वर्ष 2010 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री भी रहे थे । वे मिलनसार, मृदुभाषी एवं समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय शमशेर जंग बहादुर सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री शमशेर जंग बहादुर सिंह का निधन दिनांक 11 अगस्त, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 89 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह मुंगेर जिला के खड़गपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1967, 1969 एवं 1977 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय चन्द्रबली ठाकुर

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री चन्द्रबली ठाकुर का निधन दिनांक 14 अगस्त, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 71 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय ठाकुर समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1985 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय उदय नारायण राय उर्फ भोला राय

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री उदय नारायण राय उर्फ भोला राय का निधन दिनांक 25 अगस्त, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 88 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय राय वैशाली जिला के राघोपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980, 1985 एवं 1990 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे वर्ष 1995, 1998 एवं 2006 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा का निधन दिनांक 04 सितम्बर, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 71 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिन्हा गया जिला के गुरूआ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2010 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे नेकदिल, मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय पार्वती देवी

बिहार विधान सभा की पूर्व सदस्या श्रीमती पार्वती देवी का निधन दिनांक 10 सितम्बर, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 80 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय पार्वती देवी मुंगेर जिला के तारापुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1998 के उप-चुनाव में बिहार विधान सभा की सदस्य निर्वाचित हुई थीं । वे धर्मपरायण, मिलनसार एवं मृदुभाषी महिला थीं । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

<u>स्वर्गीय मोहम्मद शकूर</u>

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य मोहम्मद शकूर का निधन दिनांक 03 अक्टूबर, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 80 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय शकूर कटिहार जिला के बरारी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1969 एवं 1972 में, प्राणपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980 में तथा पुनः बरारी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से मार्च, 2005 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

टर्न-3/यानपति/13.12.2022

<u>स्वर्गीय रूप नारायण झा</u>

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री रूप नारायण झा का निधन दिनांक 08 अक्टूबर, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 78 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय झा मधुबनी जिला के मधेपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1990, 1995 एवं मार्च, 2005 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

<u>स्वर्गीय केदारनाथ पाण्डेय</u>

बिहार विधान परिषद् के वर्तमान सदस्य श्री केदारनाथ पाण्डेय का निधन दिनांक 23 अक्टूबर, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 79 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय पाण्डेय सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2002, 2008, 2014 एवं 2020 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे शिक्षा और शिक्षकों के

हितों की लगातार आवाज उठाते रहे थे । वे कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार, मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय सुशीला कपूर

बिहार विधान सभा की पूर्व सदस्या श्रीमती सुशीला कपूर का निधन दिनांक 28 अक्टूबर, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 82 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय कपूर किशनगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1967 में बिहार विधान सभा की सदस्य निर्वाचित हुई थीं । वे महिलाओं के हितों के प्रति काफी संवेदनशील थीं । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय डॉक्टर सबा अहमद

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य डॉक्टर सबा अहमद का निधन दिनांक 19 नवंबर, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 78 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय अहमद धनबाद जिला के टूंडी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1991 के उप-चुनाव में एवं वर्ष 1995 तथा 2000 के सामान्य चुनाव में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे 15 नवंबर, 2000 के बाद झारखंड विधान सभा के सदस्य हो गए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे मिनलसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय राज किशोर प्रसाद

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री राज किशोर प्रसाद का निधन दिनांक 23 नवम्बर, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 87 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय प्रसाद बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980 एवं 1986 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय रजनीश आनन्द

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री रजनीश आनन्द का निधन दिनांक- 26 नवम्बर, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 59 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय आनन्द गोड्डा जिला के गोड्डा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1995 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय समरेश सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री समरेश सिंह का निधन दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 81 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह धनबाद जिला के बोकारो विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1977, 1985, 1990 एवं 2000 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे 15 नवम्बर, 2000 के बाद झारखंड विधान सभा के सदस्य हो गये थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

अध्यक्षः अब हमलोग एक मिनट तक मौन खड़े होकर सभी दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना करें ।

(एक मिनट का मौन)

मैं अपनी तथा सम्पूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भिजवा दूंगा ।

अब सभा की बैठक बुधवार दिनांक- 14 दिसम्बर, 2022 को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की जाती है ।